# कृषि विज्ञान केन्द्र, मानपुर, गया
(बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर)

Website: www. gaya.kvk4.in E-mail Id: kvkmanpurgaya@gmail.com


## दिनांक 07.09.2024 को संपादित वैज्ञानिक सलाहकार समिति की 16वीं वार्षिक बैठक की कार्यवाही

उपस्थितिः पंजी में संधारित।

कृषि विज्ञान केन्द्र, मानपुर, गया के **वैज्ञानिक सलाहकार समिति** (Scientific Advisory Committee) की 16वीं वार्षिक बैठक **दिनांक 07.09.2024** को **कृषि विज्ञान केन्द्र, गया के सभागार** में 11.30 बजे पूर्वाह्न में आयोजित की गयी। इस बैठक की अध्यक्षता डा0 आर0 के0 सोहाने, निदेशक प्रसार शिक्षा, बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर, भागलपुर द्वारा मुख्य अतिथि डा0 डी0 वी0 सिंह, प्रधान वैज्ञानिक, ICAR-ATARI, Zone-IV, पटना के गरिमामय उपस्थिति में संपादित किया गया। इसके अतिरिक्त जिला के कृषि संबद्ध विभिन्न विभागें से जिला विकास प्रबंधक, नाबार्ड, गया/सहायक निदेशक (पौधा संरक्षण), गया/जिला मत्स्य विकास पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारीगण; जीविका, गया के प्रतिनिधि, एन .जी. ओ. के प्रतिनिधिगण तथा समिति के सदस्य सम्मानित किसान प्रतिनिधि के साथ– साथ केन्द्र के वैज्ञानिकगण, विषय वस्तु विशेषज्ञगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित हुए।

केन्द्र के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान ई0 मनोज कुमार राय द्वारा सभी पदाधिकारीगण/सदस्य प्रगतिशील कृषकों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात् उन्होंने विगत बैठक (15वीं) की कार्यवाही में दिए गए सुझावों के क्रियान्वनयन पर की गयी कार्रवाई से सदन को अवगत कराया गया तथा अगस्त 2023 से अगस्त 2024 तक के प्रगति प्रतिवेदन एवं आगामी प्रस्तावित कार्य योजना 2024–25 का प्रस्तुतीकरण माननीय सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बैठक के दौरान माननीय सदस्यों के विचारोपरांत महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए जिसका वर्णन कार्यवाही में निम्नवत् किया गया है –

| क्र. सं. | अध्यक्ष एवं सदस्यों के सुझाव |
|---|---|
| 1. | कृषि विज्ञान केन्द्र, मानपुर के क्षेत्राधिकार में अवस्थित 15 प्रखण्डों के भौगोलिक एवं फसल की पूर्ण जानकारी हमेशा अद्यतन रखा जाय। **(अनु0**–सभी विषय वस्तु विशेषज्ञ) |
| 2. | ''किसान सारथी एप्प'' में किसानों को पंजीकृत कराने हेतु जीविका एवं ICDS से डाटा प्राप्त कर उसमें किसानों की संख्या को बढ़ायें। **(अनु0**–सभी विषय वस्तु विशेषज्ञ) |
| 3. | RPL प्रशिक्षण अंतर्गत आयोजित प्रशिक्षण में DDM/LDM के एक Lecture को शामिल किया जिससे विभागों के साथ Convergence स्थापित हो सके। **(अनु0**–ToT एवं डा0 वेद प्रकाश) |
| 4. | केन्द्र पर मशरुम प्रत्यक्षण इकाई को जुगाड़/झोपड़ी में स्थापपित करें जो कम लागत वाली डेमो यूनिट होना चाहिए। **(अनु0**–विषय वस्तु विशेषज्ञ (प्रसार शिक्षा)) |

पृष्ठ 2 पर जारी ...

| | |
|---|---|
| 5. | तकनीकी पम्पफलेट या आलेख के अंत में किसान हेल्प लाईन नं0–18003456455 / ई–निरोग एप्प / बी.ए.यू. एग्रो डाक्टर के नं0–7004528893 एवं CRS का उल्लेख किया जाय। (अनु0–सभी विषय वस्तु विशेषज्ञ) |
| 6. | जिला मत्स्य पदाधिकारी के सहयोग से मत्स्य पालन विषय पर प्रशिक्षण आयोजित किया जाय। **(अनु0**–विषय वस्तु विशेषज्ञ (पशु विज्ञान)) |
| 7. | केन्द्र के प्रक्षेत्र पर हरा चारा उत्पादन इकाई को विकसित किया जाय। **(अनु0**–विषय वस्तु विशेषज्ञ (पशु विज्ञान)) |
| 8. | प्रत्येक विषय वस्तु विशेषज्ञ द्वारा कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में Technology Gap Assessment करें तत्पश्चात् इसे परीक्षण, प्रत्यक्षण एवं प्रशिक्षण के माध्यम से दूर करें। **(अनु0**–सभी विषय वस्तु विशेषज्ञ) |
| 9. | मोटे अनाज पर व्यंजन प्रतियोगिता (Recipe Contest) को आयोजित किया जाय। **(अनु0**–विषय वस्तु विशेषज्ञ (गृह विज्ञान)) |
| 10. | कृषि विज्ञान केन्द्र में संचालित CRS में नवाचार किसानों के रिकार्ड का प्रसारण करायें तथा इसे और प्रभावी बनाने की दिशा में कार्य किया जाय। **(अनु0**–नोडल पदाकिधकारी CRS) |
| 11. | सभी मौसम के पहले किसान सलाहकारों का क्षमता वर्द्धन प्रशिक्षण के माध्यम से किया जाय। **(अनु0**–सभी विषय वस्तु विशेषज्ञ) |

अन्त में माननीय अतिथियों / सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया, तत्पश्चात् धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त हुई।

09.09.24

**वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान**
**कृषि विज्ञान केन्द्र, मानपुर, गया**

**ज्ञापांक:** 173 / कृ. वि. के., मानपुर, गया **दिनांक:**09 / 09 / 2024

**प्रतिलिपि:** सभी गणमान्य सदस्यों (कृषि विभागीय पदाधिकारियों एवं प्रगतिशील किसानों) को सूचनार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि:** निदेशक प्रसार शिक्षा, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर भागलपुर को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि:** निदेशक, अटारी, जोन–IV, पटना, बिहार को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

09.09.24

**वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान**
**कृषि विज्ञान केन्द्र, मानपुर, गया**